पावरग्रिड ने FY24 के लिए ₹15,573 करोड़ का कर पश्चात लाभ (PAT) और ₹ 46,913 करोड़ की कुल आय दर्ज की

₹ 2.75 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की घोषणा

नई दिल्ली, 22.05.2024: विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन 'महारत्न' कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने Q4FY24 और FY24 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। Q4FY24 के लिए कंपनी ने स्टैंडअलोन आधार पर ₹ 4128 करोड़ का कर पश्चात लाभ और ₹12254 करोड़ की कुल आय दर्ज की। जबकि समेकित आधार पर, कंपनी ने ₹ 4166 करोड़ का कर पश्चात लाभ और ₹12305 करोड़ की कुल आय दर्ज की है।

FY24 के लिए कंपनी ने स्टैंडअलोन आधार पर ₹15475 करोड़ का कर पश्चात लाभ (जिसमें बंद किए गए परिचालन शामिल हैं) और ₹46215 करोड़ की कुल आय दर्ज की है। समेकित आधार पर कंपनी ने ₹ 15573 करोड़ का कर पश्चात लाभ और ₹ 46913 करोड़ की कुल आय दर्ज़ किया है।

कंपनी ने FY24 के लिए पहले से भुगतान किए गए ₹8.5/- प्रति शेयर के पहले और दूसरे अंतरिम लाभांश के अलावा 27.50% (₹ 2.75 प्रति शेयर प्रत्येक ₹ 10/- के अंकित मूल्य पर) के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है। इस प्रकार वर्ष के लिए कुल लाभांश ₹ 11.25 प्रति शेयर रहा जो पिछले वर्ष के अंतिम लाभांश की तुलना में 1.69% अधिक है, बोनस इश्यू से समायोजित।

FY24 में, कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों के साथ 19,720 MVA ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता, 6 सब-स्टेशन और 4,036 ckm ट्रांसमिशन लाइन जोड़ी हैं। पावरग्रिड ने अपनी 5 टीबीसीबी सहायक कंपनियों यानी पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड, पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड और पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड को सफलतापूर्वक कमीशन कर लिया है।

कंपनी ने FY24 के दौरान समेकित आधार पर ₹12,500 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया और ₹7618 करोड़ (FERV को छोड़कर) की परिसंपत्तियों को पूंजीकृत किया। समेकित आधार पर 31 मार्च , 2023 तक पावरग्रिड की सकल अचल परिसंपत्ति ₹275991करोड़ थी। FY24 में, टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, पावरग्रिड को ₹26,872 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 10 आईएसटीएस टीबीसीबी सहायक कंपनियों को अधिग्रहित किया है।

Q3FY24 के अंत तक पावरग्रिड और उसकी सहायक कंपनियों की कुल ट्रांसमिशन परिसंपत्ति में 1,77,699 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइनें, 278 सब-स्टेशन और 5,27,446 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता सम्मिलित थी।पावरग्रिड ने वित्त वर्ष 24 के दौरान औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता 99.85% बनाए रखी।